प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरु, पहले चरण के लिए अब तक संतावन प्रत्याशियों ने किये नामांकन।
2. इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर खींचतान बरकरार, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा–30 सीटों पर पार्टी उतारेगी उम्मीदवार, भाकपा माले ने धनबाद, सिंदरी और निरसा से प्रत्याशियों की घोषणा की।
3. भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष पहुंचे रांची, चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभागों के साथ करेंगे बैठक, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंत बिस्वा भी होंगे शामिल।
4. कोडरमा में होटल कारोबारी के घर से मिले एक करोड़ सात लाख से ज्यादा रुपये, भारी मात्रा में मादक पदार्थ भी बरामद, एक गिरफ्तार। और,
5. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और चक्रवात दाना का झारखंड में भी होगा असर, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के दौरान रांची, खूंटी, सिंहभूम समेत कई जिलों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

***************

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी हो गई है। इस चरण में कुल 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है। उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार, एक नवंबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। उधर, पहले चरण के लिए नामांकन भरने का सिलसिला तेज हो गया है। अब तक 57 उम्मीदवारों ने अपनी नामजदगी के पर्चे दाखिल किये हैं।

***************

इस बीच सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा सीट से झामुमो की संभावित प्रत्याशी सविता महतो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। मौके पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। श्री सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो जो कहता है वह करता है।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। राजद और भाकपा माले के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। इस बीच कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस तीस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने 21 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और शेष बचे नौ सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची आज देर शाम तक जारी कर दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के स्वरुप पर आज रात तक अंतिम फैसला हो जायेगा।

***************

इस बीच भाकपा माले ने अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें धनवार विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार यादव, सिंदरी से चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो और निरसा से अरूप चटर्जी के नाम शामिल हैं। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की।

***************

इस बीच भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को धोखा दिया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि भाजपा राज्य के युवाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

***************

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष आज रांची में प्रदेश भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभागों के साथ बैठक करेंगे। इसमें चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा भी शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए तीनों नेता रांची पहुंच चुके हैं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सरमा ने इंडी गठबंधन में जारी खींचतान को लेकर तंज कसते हुए कहा कि अस्वभाविक गठजोड़ में ऐसा होना स्वभाविक है।

***************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी– भाकपा ने विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने आज रांची में नौ उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। उन्होंने पांच अन्य सीटों रांची, मांडू, हजारीबाग, बड़कागांव और पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट पर भी चुनाव लड़ने का ऐलान किया।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिले में स्वीप कोषांग ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

***************

कोडरमा जिले में एक होटल व्यवसायी के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने एक करोड़ सात लाख 10 हजार 320 रुपए नगद बरामद किए हैं। इस मामले में होटल व्यवसायी सुखदेव रजक के भाई रोहित रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि सुखदेव रजक के घर से 58 ग्राम अफीम भी मिला है।

***************

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र और दाना चक्रवात का असर झारखंड के कई जिलों में भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवात के कारण कई जगहों पर आंधी चलने के साथ भारी वर्षा होगी।

********समाप्त********